हिंदी फिल्म प्रदर्शन

03 जनवरी 2025

भा.वा.अ.शि.प-वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबत्तूर

भा.वा.अ.शि.प - वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर में राजभाषा के कार्यान्वयन में प्रगति पाने एवं हिंदी के प्रति कर्मचारियों की रुची बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष अनेक कार्यक्रम जैसे विभिन्न विषयों पर हिंदी कार्यशाला, हिंदी टंकण प्रशिक्षण, हिंदी दिवस समारोह आदि का आयोजन किया जाता है । इसी क्रम में एक नई तरीके से राजभाषा के प्रयोग को कर्मचारियों तक पहुँचाने के संकल्प में पिछले तीन वर्षों से हिन्दी फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है जिससे सभी को हिन्दी के प्रति रुची बढ़े और हिन्दी सीखने की ओर कदम उठाया जाए। इस वर्ष 03 जनवरी 2025 को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये हिंदी फिल्म **"गुंजन सक्सेना-The Kargil Girl"** का प्रदर्शन किया गया जिसमें निदेशक जी सहित सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम श्रीमती पूंगोदै कृष्णन, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने प्रदर्शित होने वाली फिल्म का परिचय देकर कार्यक्रम को आगे बढाया। संस्थान के विभिन्न विभागों से करीब 80 कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया। अंत में सभी के साथ इस फिल्म के बारे में चर्चा की गई जिसमें कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार हिन्दी में व्यक्त किया।